# प्रादेशिक समाचार
## 08.08.2025 (संध्या–1900 बजे)

मुख्य समाचार

1. राज्यपाल संतोष गंगवार और रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने दिल्ली में इलाजरत स्कूली शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की ली जानकारी, चिकित्सकों और परिजनों से मुलाकात कर उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।
2. आरबीआई के उप–गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने रांची के ओरमांझी में वित्तीय समावेशन शिविर का किया दौरा, कहा–शिविर वित्तीय जुड़ाव बढ़ाने और री–केवाईसी से खातों को सक्रिय रखने में सहायक।
3. स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी ने राश्ट्रपति से दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन की स्मृति में "स्टैचू ऑफ संघर्श" की स्थापना और भारत रत्न देने की रखी मांग।
4. धनबाद के नीरज सिंह हत्याकांड में पूर्व विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से मिली जमानत, विधायक रागिनी सिंह ने फैसले पर जतायी खुशी।
5. 134वें डूरंड कप में जमशेदपुर एफसी ने लद्दाख एफसी को 2–0 से हराकर ग्रुप–सी में हासिल किया शीर्ष स्थान, सभी मैच जीतकर टीम ने क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश।

*******************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने दिल्ली स्थित अस्पताल में इलाजरत राज्य के स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों और अस्पताल प्रबंधन से उपचार की प्रगति के बारे में जानकारी प्राप्त की। राज्यपाल ने परिजनों से मुलाकात कर मंत्री के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

वहीं केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने भी आज दिल्ली स्थित अस्पताल में शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन से मुलाकात कर उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली। उन्होंने चिकित्सकों से उपचार की प्रगति जानी और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की।

*******************

भारतीय रिज़र्व बैंक के उप–गवर्नर एम. राजेश्वर राव ने आज रांची के ओरमांझी ग्राम पंचायत में आयोजित वित्तीय समावेशन संतृप्तिकरण शिविर का दौरा किया। मौके पर उन्होंने कहा कि ये शिविर लोगों को वित्तीय प्रणाली से जोड़ने और री–केवाईसी के माध्यम से बैंक खातों को सक्रिय रखने में सहायक हैं।

गौरतलब है कि शिविर में 3 हजार 9 सौ 65 खातों का पुनः केवाईसी हुआ और 7 हजार से अधिक ग्राहकों ने बीमा योजनाओं में नामांकन कराया।

*******************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी अपने लंबित मुकदमे के सिलसिले में आज दुमका व्यवहार न्यायालय में पेश हुए। अदालत में पेशी के बाद उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि संथाल परगना से दिवंगत दिशोम गुरु शिबू सोरेन का गहरा रिश्ता था और यहां उनका "स्टैचू ऑफ संघर्श" नाम से एिशया का सबसे ऊंचा स्टैचू लगाया जाना चाहिए, साथ ही उन्होंने गुरु जी को भारत रत्न देने की भी मांग की।

*******************

धनबाद के बहुचर्चित नीरज सिंह हत्याकांड में झरिया के पूर्व भाजपा विधायक संजीव सिंह को सुप्रीम कोर्ट से जमानत मिल गई है। जुलाई 2017 से जेल में बंद संजीव सिंह वर्तमान में रांची के रिम्स में भर्ती हैं। पत्नी एवं मौजूदा विधायक रागिनी सिंह ने फैसले पर खुशी जताते हुए कहा कि न्यायपालिका पर भरोसा था और देर से ही सही, न्याय मिला है।

*******************

रामगढ़ के पतरातु थाना में दर्ज कांड के अभियुक्त सुनील कुमार उर्फ मयंक सिंह को अजरबैजान से भारत प्रत्यार्पण की प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। झारखंड एटीएस द्वारा जारी रेड कॉर्नर नोटिस के आधार पर उन्हें 29 अक्टूबर 2024 को अजरबैजान में निरुद्ध किया गया था। अजरबैजान बाकु अपराध न्यायालय ने 27 जनवरी 2025 को भारत प्रत्यार्पण की अनुमति दी, जिसके बाद सभी औपचारिकताएं पूरी की गईं। अभियुक्त को 23 अगस्त को अजरबैजान से भारत लाया जाएगा।

*******************

चाईबासा के सारंडा जंगल में नक्सलियों ने आईईडी ब्लास्ट कर सुरक्षा बलों को निशाना बनाया, जिसमें कोबरा बटालियन के दो जवान घायल हो गए। गंभीर रूप से घायल दोनों जवानों को एयरलिफ्ट कर रांची के निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आईजी मनोज कौशिक ने बताया कि पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है।

*******************

पलामू जिले में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए 10 से 25 अगस्त तक एमडीए–आईडीए अभियान चलाया जाएगा।

*******************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आत्मनिर्भर भारत के विजन को साकार करते हुए हजारीबाग के युवाओं ने फिल्म मेकिंग में करियर की नई शुरुआत की है। विनोबा भावे विश्वविद्यालय में उनके द्वारा बनाई गई लघु फिल्म का प्रीमियर हुआ, जिसमें कुलपति डॉ. चंद्रभूषण शर्मा ने कलाकारों को प्रोत्साहित करते हुए 1 लाख रुपये देने की घोषणा की और कहा कि यह रोजगार का एक नया आयाम देगा।

*******************

मौसम विभाग ने कल रांची समेत राज्य के 18 जिलों में भारी बारिश और वज्रपात का येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही कई क्षेत्रों में 30 से 40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चलने की संभावना जताई है। प्रशासन ने लोगों को बारिश और तेज हवाओं के दौरान सतर्क रहने की सलाह दी है।

*******************

जमशेदपुर के जेआरडी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले गए 134वें डूरंड कप के ग्रुप–सी मुकाबले में जमशेदपुर एफसी ने लद्दाख एफसी को 2–0 से हराया। ग्रुप–सी में अपने सभी मैच जीतकर जमशेदपुर एफसी ने अंक तालिका में शीर्ष स्थान हासिल किया। टीम ने शानदार प्रदर्शन के साथ क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।

*******समाप्त********